श्याम प्रभु का घर है ये श्याम ही इसके मालिक है

श्याम प्रभु का घर है ये श्याम ही इसके मालिक है
हम तो निर्भय रहते हैं श्याम हमारा रक्षक है
श्याम चरण में ही बैठा है अपना ये परिवार
कृपा बरसाए रहे

खाटू से चलकर आज मेरे घर आये लखदातार
कृपा बरसाए रहे ....

आज सराहूं किस्मत को श्याम धणी घर आये हैं
मेरे घर के आँगन में ये दरबार लगाए हैं
कितना प्यारा रूप हैं इनका सुन्दर है श्रृंगार
कृपा बरसाए रहे ....
खाटू से चलकर ....

प्रेमी जन का जमघट है भाव भरा सबके दिल में
श्याम प्रभु के दीवाने झूम रहे सब मस्ती में
जगमग जगमग ज्योत जल रही हो रही जय जयकार
कृपा बरसाए रहे ....
खाटू से चलकर ....

जो भी ज़रूरत होती है श्याम्ही पूरी करते हियँ
नई नई सौगातों से सबकी झोली भरते हियँ
बिन्नू सारे जग में इनकी महिमा अपरम्पार
कृपा बरसाए रहे ....
खाटू से चलकर ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22084/title/shyam-prabhu-ka-ghar-hai-ye-shyam-hi-iske-malik-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |